सुप्रभात

रविवार 23.06.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 64

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ



## झरिया कोयलांचल गंभीर विद्युत संकट की चपेट में

# जीएम से मिले चैंबर और उपभोक्ता मंच के लोग, निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** पिछले एक पखबारे से बिजली-पानी का अभूतपूर्व संकट झेल रहे झरिया कोयलांचल के नागरिकों का सब्र का बांध टूटने के कगार पर है। नित्य चल रहे धरना-प्रदर्शन से अधिकारी भी आजिज हैं। इस संबंध में पानी-बिजली उपभोक्ता मंच व झरिया चैंबर ऑफ कॉमर्स ने आज संयुक्त रूप से जेबीवीएनल महाप्रबंधक एके सिंह से मिलकर निर्वाध बिजली आपूर्ति की मांग रखी। इस दौरान जीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें झरिया एवं डिगवाडीह सब-डिवीजन क्षेत्र की तकनीकि समस्याओं और मैन पावर की कमी को दूर करने पर जोर दिया ताकि उपभोक्ताओं को बिजली की समस्या से जल्द राहत मिले। जीएम की ओर से सभी मांगों पर गंभीरता से पहल करने का आश्वासन दिया गया। उल्लेखनीय है कि झरिया व डिगवाडीह सब-डिवीजन में इन दिनों भीषण रूप से बिजली कटौती हो रही है जिसे लेकर बीते दिनों बिजली-पानी उपभोक्ता मंच की ओर से पुतला दहन जैसे आंदोलन की घोषणा की गई थी। आंदोलन की घोषणा के बाद झरिया के कार्यपालक अभियंता मनीष चन्द्र पूर्ती व डिगवाडीह एसडीई आलोक केरकेट्टा ने मंच के साथ वार्ता कर निर्वाध बिजली आपूर्ति का आश्वासन दिया था लेकिन उसके



बाबजूद बिजली आपूर्ति में आपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। इधर बिजली की समस्या को लेकर बढ़ते आक्रोश के कारण एक दिन पहले झरिया में लोग सड़क पर उतरने को मजबूर हुए थे। जिसे लेकर एक तरफ जहां मंच के किशोर कुमार व शुभाशीष रॉय ने आज बिजली जीएम से भेंट करने पहुंचे थे वहीं जीटा महासचिव राजीव शर्मा की अगुवाई में झरिया चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपेंद्र गुप्ता, शिवचरण शर्मा सहित कई लोग जीएम कार्यालय पहुंचे हुए थे।

जीएम से वार्ता के दौरान मंच की ओर से मुख्य रूप से डिगवाडीह सब-डिवीजन में जीई की पदस्थापना करने, भागा फीडर को दो भागों में बांटने, अधिक लोड वाले क्षेत्र में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, हर ट्रांसफार्मर में एबी स्विच लगाने, डिगवाडीह सब-डिवीजन में रिजर्व ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने, बिजली चोरी रोकने तथा बिजली कटने की सूचना उपभोक्ताओं को पहले से देने की मांग की गई। जबकि झरिया चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से भी कई मांगे रखी गई।

मंच और चैंबर की मांग के आलोक में जीएम ने कहा कि इस वर्ष अप्रत्याशित रूप से अधिक गर्मी पड़ने से विभाग पर अचानक ही लोड आ गया था और बिजली ट्रिप की घटनाओं में वृद्धि हो गई थी। लेकिन घटते तापमान के साथ ट्रिपिंग की समस्या में भी कमी आ गई है। आगे मानसून को देखते हुए विभाग पूरी तरह अलर्ट है और निर्वाध बिजली आपूर्ति के लिए काम पर लग चुकी है। डिगवाडीह में जेई का पद रिक्त होने पर उन्होंने बताया कि इसके लिए सरकार से मांग की गई है। आगे उन्होंने भागा फीडर को दो भागों में बांटने सहित अन्य मांगों को भी गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया।

आज की वार्ता में जेबीवीएनल की ओर से जीएम अशोक कुमार सिन्हा के अलावा एसई एसके कश्यप, कार्यपालक अभियंता, झरिया मनीष चंद्र पूर्ती व एसडीई डिगवाडीह आलोक केरकेट्टा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### वैभव सिन्हा मामले में सुनवाई

**धनबाद।** खुद पर गोली चलाने का आरोप लगाकर झरिया के आधा दर्जन युवकों को फंसाने की कोशिश करने का आरोप झेल रहे कांग्रेस के धनबाद नगर अध्यक्ष बैभव सिन्हा के मामले की सुनवाई अदालत में हुई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनवाई अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। वैभव की ओर से अधिवक्ता कुमार मनीष ने पैरवी की जबकि सूचक की ओर से अधिवक्ता शाहबाज सलाम ने पैरवी की

### मां भगवती जागरण के पूर्व निकली भव्य कलश शोभा यात्रा



**धनबाद।** शनिवार को सहजानंद नगर, बरमसिया, धनबाद में मां भगवती जागरण के आयोजन के उपलक्ष्य में भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक बढ़कर हिस्सा लिया। आयोजक ने बताया कि जागरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो उपस्थित होंगे। कलश यात्रा को सफल बनाने में जागरण कमिटी के अध्यक्ष प्रकाश यादव, सचिव प्रदीप साव, प्रमोद साव, उपाध्यक्ष रंजीत रावत, कोषाध्यक्ष महादेव गुप्ता, राजीव महतो, गुड्डू गुप्ता, राकेश गुप्ता, रवि कुमार, मनीष कुमार, सोनू यादव का विशेष योगदान रहा।

### मटकुरिया गोलीकांड में अनुसंधानकर्ता का प्रतिपरीक्षण जारी

**धनबाद।** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान कांड के अनुसंधानकर्ता शिव शंकर तिवारी का प्रतिपरिक्षण बचाव पक्ष द्वारा किया गया समयाभाव के कारण आज भी उनका प्रति परीक्षण पूरा नहीं किया जा सका। अदालत ने प्रति परीक्षण के लिए 24 जून की तारीख निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान आरोपी पूर्व मंत्री बच्चा सिंह, व अन्य हाजिर नहीं थे। मालूम हो की 27 अप्रैल 11 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी। घटना में तत्कालीन एसपी आर. के धान जख्मी हो गए थे। वहीं विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 38 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

## ओपेन जीम की खराब स्थिति को देखते हुए मार्निंग वाकरों ने पूर्व मेयर को सौंपा ज्ञापन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** शहर के गोल्फ ग्राउंड पार्क में बना ओपेन जीम शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। जीएम में लगे लोहे के ज्यादातर सामान खराब हो चुके है। इससे हर दिन मार्निंग वॉक करने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना कर पड़ रहा है। जीम के खाराब हालात को देखते हुए शनिवार को मोर्निंग वॉक करने आई सुबह सबेरे टीम के लोगो ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। साथ ही पार्क में मौजूद पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल मिलकर टीम ने ज्ञापन सौंपा। पूर्व मेयर ने कहा कि धनबाद के लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मेरे कार्यकाल में ही इस पार्क का निर्माण कराया गया था। लेकिन आज इस पार्क को देखने वाला कोई नहीं है। एक एक कर सभी सामान खराब हो रहे है। अधिकारी चैन की बंशी बजा रहे हे। उन्होंने सभी मॉर्निंग वाकर्स को आश्वासन दिया कि उनकी सारी माँग एक दम सही है वो बहुत जल्द नगर आयुक्त से मिलकर सारी समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे। इसके बाद भी मांगे पूरी नही हई तो हमलोग आंदोलन का रूख अपनाएगें।

मौके पर आनंद चौरसिया, जावेद खान, जाकिर खान, नायब अली, डॉ अंजू राय, मिथलेश कुमार, डॉ जेके चौरासिया,डॉ विजय, डॉ संजय, विनय कुमार , अनूप चौरासिया, नारायण मोदी, संजीव कुमार, प्रियंका कुमारी , श्रीमंतों पारमाणिक, दीपक शर्मा ,

## डीआरएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक



▸▸ किया आसनसोल-थापरनगर सेक्शन का यार्ड निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** पूर्व रेलवे के आसनसोल रेल मंडल के डीआरएम चेतनानंद सिंह ने शनिवार को अधिकारियों के साथ आसनसोल-थापरनगर सेक्शन का यार्ड निरीक्षण किया। वे अपने सैलून से आये थे। निरीक्षण के दौरान वे अधिकारियों के साथ बैठक कर बराकर एवं मुगमा यार्ड की विस्तृत समीक्षा भी की। श्री सिंह ने समीक्षा बैठक में परिचालन दक्षता और ताजा ढांचागत संवर्द्धन पर अधिकारियों का ध्यान केंद्रित करते हुए वर्तमान स्थिति का जानकारी प्राप्त किया। श्री सिंह ने आसनसोल-थापरनगर सेक्शन में दोनों साइड विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया, साथ ही ट्रैक की स्थिति, सिंग्नलिंग प्रणाली और समग्र परिचालन संरक्षा की बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि बुनियादी यात्रा ढांचे, सेवा प्रदान करने में सुधार, यात्रियों एवं माल ढुलाई सेवाओं के लिए संरक्षित और कुशल रेल संचालन सुनिश्चित करने के प्रति आसनसोल मंडल प्रतिबद्ध है। निरीक्षण कार्यक्रम में आसनसोल डीआरएम के साथ सभी विभागों के अधिकारी शामिल थे।

## उपायुक्त ने की जल जीवन मिशन व मनरेगा की समीक्षात्मक बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत अभियान की समीक्षात्मक बैठक हुई।बैठक में उप विकास आयुक्त, जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता सहित कई अधिकारी मौजूद थे। बैठक में प्रखंडवार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रखंडवार विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की साथ ही ज्यादा से ज्यादा ओडीएफ प्लस सरंचनाओ यथा सामुदायिक सोकपिट, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, कम्पोस्ट पीट, ट्रेंच का निर्माण (मल कचरा प्रबंधन) भस्मक निर्माण, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को बेहतर प्रबंधन के साथ पेयजलापूर्ति हेतु आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत ओडीएफ प्लस व अन्य कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## ऑन लाइन गेमिंग के माध्यम से साइबर ठगी का मामला

# 3 साइबर अपराधी को पुलिस ने दबोचा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** आन लाइन गेमिंग के माध्यम से लोगो को ठगने वाले तीन शातिर साइबर अपराधी को पुलिस ने हिरासत में लिया गया है। इसमें अभियुक्त रविरंजन ठाकुर, किशोर कुमार सिंह, सुहैल अली अंसारी शामिल है। इनके पास से बिभिन्न बैंकों का 13 एटीएम कार्ड, 12 फर्जी सीम, यूनियन बैंक आफ इंडिया का 1 पासबुक, 1 चेकबुक, फोन पे का 2 क्यूआर कोड, 1 आधार कार्ड, 1 पैन कार्ड, 5 स्मार्ट फोन बरामद हुआ है। विभिन्न पासबुक खाते में एक करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन भी मिला है। यह जानकारी शनिवार को झरिया थाना में पत्रकारवार्ता आयोजित कर सिंदरी डीएसपी भूपेन्द्र प्रसाद राउत ने दी।

उन्होंने बताया एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि बनियाहीर दस नंबर का रहने वाला रविरंजन कुमार ठाकुर कुछ लोगों के साथ मिलकर ऑन लाईन गेमिंग के माध्यम से ठगी का काम करता था। इसके अलावा ये लोग ऑन लाईन मोबाईल ठगी, फर्जी ए.टी.एम. कार्ड, फर्जी सीम कार्ड बनाकर लोगों को झांसा देकर ठगी का काम करते आ रहे थे। वरीय पदाधिकारी के आदेश पर एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसके बाद छापामारी की गई जिसमे घटना में शामिल तीनों अभियुक्तों को बविभिन्न डाक्यूमेंटों के साथ पकड़ा गया है। इस गिरोह के मास्टर माईंड कोई और है जो देश से बाहर रह कर ठगी कराने का काम इनसे करा रहा था। अभी तक उसका नाम सामने नहीं आया है। छापेमारी में जोरापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, झरिया थाना प्रभारी सहित एएसआई और पुलिस बल शामिल थे।

# गिरिडीह के महेशपुर गांव में एक युवक की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव के बरमसिया में शुक्रवार की देर रात को 35 वर्षीय संदीप मंडल की बेहरमी से हत्या कर दी गई। मृतक की लाश पर किसी प्रकार का प्रतिबंधित केमिकल एसिड भी डाला गया। घटना की सूचना पर मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो दलबल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

घटना के बाबत मृतक के चाचा



फागू मंडल ने बताया कि संदीप मंडल शुक्रवार को नए घर पर काम करवा रहा था। इस बीच दोपहर में जब मजदूर खाना खाकर लौटे तो देखा की संदीप की बाइक लगी हुई है, लेकिन संदीप नहीं है। इसी बीच वर्षा शुरू हो गई, बारीश के छुटने के बाद भी जब संदीप नही आया तो लोग खोजबीन करने लगे। इस दौरान संदीप का मोबाईल भी लगातार बंद आ रहा था। वहीं रात के लगभग साढ़े नौ बजे के बाद घर से पचास मीटर की दूरी पर संदीप का शव मिला। बताया जाता है कि 31 मई को बोरिंग करने को लेकर पड़ोस के ही प्रयाग मंडल, लक्ष्मण मंडल, तेजलाल मंडल, सुनील मंडल, राजू मंडल, निर्मल मंडल सहित अन्य के साथ संदीप का विवाद हुआ था। उस वक्त भी उक्त लोगों ने संदीप पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। मामले को लेकर दोनों पक्ष की तरफ से एफआईआर भी दर्ज की गई थी। उन्होंने आशंका जाहिर करते हुए कहा कि उक्त लोगों ने ही संदीप को पहले उसके निमार्णाधीन घर से उठाकर ले गए और उसकी हत्या कर दी। फिर रात में अंधेरा होने के बाद लाश को फेंक दिया गया। थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने कहा कि संदीप की हत्या की गई है। शव मृतक के घर से थोड़ी दूरी पर मिला है। शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। साथ ही मामले में जांच की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## एक नजर में

### चुनाव जीतने के बाद पहली बार गिरिडीह पहुंची विधायक कल्पना सोरेन, दिये कई निर्देश



**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा से उपचुनाव जितने के बाद झामुमो नेत्री सह नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन शनिवार को तीन दिवसीय जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गिरिडीह पहुंची। गिरिडीह पहुंचने के बाद विधायक कल्पना सोरेन से मिलने के लिए मुखिया संघ, पोषण सखी संघ सहित काफी संख्या में लोग पहुंचे और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान गांडेय विधानसभा से आए लोगों ने विधायक कल्पना सोरेन को स्थानीय जनसमस्या से भी अवगत कराया। लोगों से मिलने के बाद विधायक कल्पना सोरेन ने सर्किट हाउस में उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू सहित पार्टी के कई नेता भी मौजूद थे।

### गोमो के चैता गांव में रेल परियोजना कार्य में हंगामा, पंजी दो में सुधार की मांग



**गोमो।** धनबाद रेल मंडल के गोमो-चंदपुरा रेल मार्ग के चैता गांव के पास रेलवे द्वारा चल रहे फ्रेट कॉरिडोर कार्य परियोजना के कार्य स्थल पर शनिवार को कुछ रैयतों ने हंगामा किया। जिससे लगभग छह घन्टे तक परियोजना का बाधित रहा। हंगामा करने वाले डुमर चंद मंडल, रंजीत मंडल, कृष्णा मंडल, रमा कान्त मंडल, श्री पद मंडल, आसू मंडल आदि भूमि रैयतो ने बताया कि जिस जमीन पर रेलवे निर्माण कार्य कर रही वह उनकी खतियानी जमीन है जमीन को अंचल द्वारा ऑनलाइन नहीं किए जाने तथा पंजी 2 में सुधार नहीं किए जाने के कारण रेलवे द्वारा मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। उक्त मामले को लेकर पिछले एक वर्षो से तोपचांची अंचल कार्यालय से लेकर धनबाद अपर समाहर्ता तक आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई गई लेकिन इसके बावजूद आजतक कोई काम नहीं हुआ। रैयतों ने कहा की अगर समस्या का समाधान नही हुआ तो हमलोग अपनी जमीन पर रेलवे को कम करने नहीं देंगे।

### लाला हत्याकांड में फैसला छह जुलाई को

**धनबाद।** जमीन कारोबारी लाला खान की हत्या के चर्चित मामले में शनिवार को सुनवाई हुई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में बचाव पक्ष एवं अभियोजन ने बहस पूरी की। अदालत ने उभय पक्ष को सुनने के बाद छह जुलाई 24 की तारीख फैसले के लिए निर्धारित की है। जमीन कारोबारी मोहम्मद असरफ अल हसन उर्फ लाला खान की गोली मारकर हत्या 12 मई 21 को दोपहर करीब 3 बजे की गई थी। जब्बार मस्जिद के पास दिनदहाड़े अपराधियों ने लाला खान को गोली मारी थी। घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई थी।लाला खान के साले शहबाज आलम ने 13 मई 21 गुरुवार रात बैंक मोड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### धनबाद के किशन का राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**जोड़ापोखर।** धनबाद जिला रग्बी संघ के खिलाड़ी किशन मरांडी का चयन रग्बी इंडिया द्वारा आयोजित जूनियर बालक राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में हुआ है। प्रतियोगिता 25 एवं 26 जून को बालीबड़ी स्पोर्ट्स कंपलेक्स, पुणे में आयोजित हो रही है जिसके लिए झारखंड रग्बी टीम शुक्रवार को हटिया से पुणे के लिए हटिया-पुणे एक्सप्रेस से रवाना हुई किशन के चयन के लिए झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक झारखंड रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष विष्णु कुमार जालान महासचिव हेजाज असदियाक धनबाद जिला रग्बी संघ के अध्यक्ष उचित महतो उपाध्यक्ष दिनेश यादव, ब्रह्मदेव यादव, संतोष सिंह महासचिव राहुल आनंद कोषाध्यक्ष कौशल कुमार संघ के सदस्य अजय चौबे, राजेश यादव, कौशल सिंह, जयश्री गोराई, प्रियंका यादव, शिवा महतो, विकास यादव, सूरज गुप्ता, पलविंदर सिंह, विवेक कुमार, मंटू पांडे आदि ने अपनी शुभकामनाएं दी इसकी समस्त जानकारी धनबाद जिला रग्बी संघ के महासचिव राहुल आनंद ने दी।

### डीआरएम कार्यालय में अब लिफ्ट से आ जा सकेंगे दिव्यांग कर्मी

**धनबाद।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारी, बुजुर्ग कर्मचारी एवं महिलाओं को अब कार्यालय में आना जाना आसान होगा। कार्यालय के ग्राउण्ड फ्लोर से सेकेण्ड फ्लोर में आने जाने के लिए नई लिफ्ट चालू हो चुकी है। डीआर एम कमल किशोर सिन्हा की उपस्थिति में एक दिव्यांग कर्मचारी द्वारा लिफ्ट का उदघाटन किया गया है। यह लिफ्ट 844 किलोग्राम वजन के साथ दूसरी मंजिल तक जा सकती है। इस लिफ्ट के शुरू होने से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के अन्य लोग अभी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

### अभिभावकों की आग्रह पर पूर्व विधायक योगेंद्र पहुंचे उ. म. विद्यालय तीसरी

**बेरमो/ललपनिया।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया के जनप्रिय नेता पूर्वविधायक योगेंद्र प्रसाद महतो ने अभिभावकों के आग्रह पर गोमिया प्रखंड क्षेत्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिसरी पहुंचे। यहां उन्होंने अभिभावकों की समस्याओं को सुने व अविलंब समाधान का भरोसा दिया। अभिभावकों ने पूर्व विधायक को बताया कि इस विद्यालय के कक्षा 8की परीक्षा में इंटरनलमार्क्स ऑनलाइन सबमिट करने में विद्यालय प्रबंधनकी गलती से कुल 60 में से 54 बच्चों का मार्क्स मार्जिनल हो गया है। इससे बच्चे सहीत अभिभावक परेशान हैं। इस पर पूर्व विधायक ने विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापिका से जानकारी ली। पता चला कि तकनीकि जानकारी केअभाव में गलती हो गई है और इसे वे स्वीकार भी कर रही है।पूर्व विधायक ने इसपर नराजगी जाहिर की और कहा आप लोगों की एक गलती से दर्जनों बच्चे परेशान हैं। उन्होंने ऑनलाइन डाटा सबमिट करने वाले शिक्षक को भी फटकार लगाई। पूर्व विधायक ने ऑन सपोर्ट जिले के डीईओ से फोन पर बात की। जैक अध्यक्ष से भी बात की। जैक अध्यक्ष ने उन्हें आश्वस्त किया गया कि 15 जुलाई तक पोर्टल खोल कर गलती को सुधरवा दिया जाएगा। जिसके बाद अभिभावकों ने चैन की सांस ली।

### पुर्व सैनिक के निधन पर समाजसेवी डॉ उषा सिंह शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे उनके आवास



**बेरमो।** समाजसेवी सह डॉक्टर उषा सिंह ने शनिवार को बेरमो विधानसभा क्षेत्र के करगली डबल स्टोरी निवासी जवाहर सिंह उर्फ कृष्ण सिंह जी के पुत्र पूर्व सैनिक शशिकांत कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह का निधन का खबर पाकर आवास पहुंचकर परिवार लोगों से मुलाकात किया और उन्हें ढांढस बंधाया तथा गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया और दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। पिता कृष्ण सिंह ने बताया कि पिंटू बचपन से ही होनहार था और उसका सपना देश सेवा के लिए सेना में जाना था। बड़ी मेहनत और लगन के बाद उसे सेना में नौकरी मिली थी।

